अंक-योजना मार्च, 2022

प्रश्न पत्र 3/2/1

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न अनुभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | **खंड 'क'**<br>**(पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक)** | |
| 1 | 1 | प्रश्न – निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए : | |
| | (क) | प्रश्न – फ़ादर कामिल बुल्के द्वारा भारत को ही अपनी कर्मभूमि चुनने का कारण 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।<br>**उत्तर** –<br>• मन में चाह<br>• भारतीय संस्कृति के प्रति सहज आकर्षण एवं जिज्ञासा का भाव<br>• हिंदी भाषा और साहित्य के प्रति गहरा लगाव<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ख) | प्रश्न – 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ के आधार पर लिखिए कि फ़ादर कामिल बुल्के की मृत्यु से बहुत बड़ी संख्या में लोग शोक-संतप्त क्यों हुए?<br>**उत्तर** –<br>• फ़ादर में दूसरों के प्रति संवेदनशीलता, करुणा, वात्सल्य, सहानुभूति आदि मानवीय गुणों के कारण<br>• दूसरों के सुख-दुख में हमेशा शामिल होने, संबंध बनाने और आजीवन निर्वाह करने के उनके स्वभाव के कारण<br>• संकीर्णताओं से ऊपर उठकर सबके प्रति कल्याणभाव एवं सहृदयता के कारण<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ग) | प्रश्न – नवाब साहब ने खीरा न खाने का जो कारण बताया, क्या वह सही | |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न अनुभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | था? 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर कारण सहित लिखिए।<br>**उत्तर** –<br>नहीं, वह सही कारण नहीं था;<br>• बताया गया कारण – खीरा मेदे पर बोझ डाल देता है।<br>वास्तविक कारण –<br>• अपनी झूठी नवाबी शान के कारण<br>• लेखक की उपस्थिति में खीरे जैसी साधारण वस्तु को खाने में संकोच के कारण | ½+½+1=2 |
| 1 | (घ) | प्रश्न – 'लेखक की तुलना में नवाब साहब अधिक शिष्ट और सभ्य थे।' 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर सोदाहरण बताइए।<br>**उत्तर** –<br>• शुरुआती असहजता के बाद नवाब साहब द्वारा बातचीत की पहल<br>• लेखक से दो बार खीरा खाने का आग्रह<br>परंतु –<br>• लेखक द्वारा नवाब साहब से बातचीत के प्रति कोई उत्साह ना दिखाना।<br>• आरंभ से ही नवाब साहब के प्रति लेखक का व्यवहार पूर्वग्रह से युक्त<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| 2 | 2 | प्रश्न – निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए : | |
| | (क) | प्रश्न – 'उत्साह' कविता के काव्य-सौंदर्य पर प्रकाश डालिए।<br>**उत्तर** – | |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

